IIM रांची: यंग चेंज मेकर्स प्रोग्राम 21 से 24 दिसंबर तक

देशभर से 1500 आवेदन जमा हुए हैं

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची की ओर से शुरू किए गए यंग चेंज मेकर्स प्रोग्राम का दूसरा संस्करण शुरू होने वाला है। यह रूरल इमर्शन बूटकैंप होगा। जो 21 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलेगा। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से 1500 आवेदन आए हैं। इसके साथ ही दूसरे देश के प्रतिभागी भी इसमें भाग लेंगे। इसमें देश व विदेश के कुल 80 छात्र-छात्रओं का चयन किया जाएगा। जो इसमें भाग ले सकेंगे। इसके लिए देश के प्रतिभागियों को तीन राउंड से गुजरना पड़ा। पहले छात्रों को स्टेटमेंट ऑफ परपस भेजना था, इसके बाद क्विज व इंटरव्यू के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जा रहा है। वहीं विदेशी छात्र-छात्रओं के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के समस्या, रोजाना की चुनौतियों को समझेंगे। साथ ही उस समस्या को दूर करने के लिए व्यवहारिक समाधान भी बताएंगे। इसमें 9वीं से 12वीं या किसी समकक्ष शैक्षिक कार्यक्रम में नामांकित सभी विषयों के छात्र भाग लेंगे। जिसमें छात्र लाइव केस स्टडी के माध्यम से ग्रामिणों की समस्याओं व अन्य चीजों को समझेंगे। इस प्रोग्राम के माध्यम से छात्रों को एक्सपीरियंस लर्निंग प्राप्त होगी।

Dainik Bhaskar_21.11.2023_Pg. 07